AKSHANSH PUBLICATION

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

सबसे पहले, सबसे सटीक

# द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती 2025

## GK-GROUP B

# PAPER SOLUTION & ANSWER KEY

08 September 2025 @12:15 PM

Answer Key का विस्तृत Solution देखने के लिए QR कोड को स्कैन करे



सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™ | अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126 | Add : Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 5, Circle, Main Road, Udaipur

**1. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता बाडोली के मंदिर की नहीं है?**
(1) नारी का सुंदर अंकन (2) स्तंभों पर उत्कीर्ण कला
(3) सादगीपूर्ण छतें (4) पंचायतन शैली
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**2. चित्रकला की किशनगढ़ शैली के विषय में कौन से कथन सही हैं?**
A. राधा और कृष्ण का रूप सौंदर्य ही चित्रांकन का मुख्य विषय है।
B. अधिकांश चित्रों में स्त्रियों का पहनावा लहँगा, चोली और पारदर्शी आँचल हैं।
C. इस शैली के चित्रकार सीताराम, भवानीदास एवं कल्याणदास हैं।
सही विकल्प चुनिए :
(1) A, B और C (2) A और B
(3) B और C (4) A और C
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**3. होली के अवसर पर 'न्हाण' का आयोजन निम्न में से कहाँ किया जाता है ?**
(1) भिनाय (2) ब्यावर
(3) सांगोद (4) श्री महावीर जी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**4. रामानन्द के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए :**
A. संत पीपा के निवेदन पर रामानन्द राजस्थान आए थे।
B. रामानन्द का प्रभाव राजस्थान में व्यापक रूप से दिखाई नहीं देता है।
(1) केवल A सत्य है। (2) केवल B सत्य है।
(3) A और B दोनों सत्य हैं। (4) A और B दोनों असत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**5. जैसलमेर के लोक संगीत में प्रमुख रूप से कौन सा 'ख्याल' गाया जाता है?**
(1) मेंहेन्द्रा री ख्याल (2) हेला
(3) तुर्रा-कलंगी (4) कुचामणी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**6. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सुमेलित नहीं है ?**

| **ग्रंथ** | **लेखक** |
|---|---|
| (1) राजविलास | : कवि मान |
| (2) बुद्धिविलास | : बख्तराम साह |
| (3) भीमविलास | : कवि जदुनाथ |
| (4) विजयविलास | : विशन सिंह बारहठ |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**7. राजस्थान के राज्यपाल को पहचानिए, जिनकी पदावधि में राष्ट्रपति-शासन वापस लेने की उद्घोषणा दो अवसरों पर जारी की गई :**
(1) वेदपाल त्यागी (2) रघुकुल तिलक
(3) एम. चेन्ना रेड्डी (4) धनिक लाल मंडल
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**8. राजस्थान के राज्यपाल को पहचानिए, जिनकी पदावधि में राष्ट्रपति शासन लगाने और हटाने की उद्घोषणा जारी की गईं :**
(1) सम्पूर्णानंद (2) रघुकुल तिलक
(3) एम. चेन्ना रेड्डी (4) वेदपाल त्यागी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**9. दुकूल, अंसुक, वसन और चोल किस प्रकार के वस्त्र-परिधान के प्रचलित नाम हैं ?**
(1) साड़ी (2) घाघरा
(3) चोली (4) ओढ़नी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**10. राजस्थान की पहली लोकतांत्रिक सरकार में शिक्षा विभाग का प्रभार निम्नलिखित में से किसके पास था ?**
(1) मोहनलाल सुखाड़िया (2) रामकिशोर व्यास
(3) नाथूराम मिर्धा (4) बलवंत सिंह मेहता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**11. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है ?**

| **मुख्यमंत्री** | **मुख्य सचिव** |
|---|---|
| (1) शिवचरण माथुर | -टी.वी. रमणन |
| (2) हरिदेव जोशी | -नरेश चन्द्रा |
| (3) टीकाराम पालीवाल | -एस.डब्ल्यू. शिवेश्वरकर |
| (4) जगन्नाथ पहाड़िया | - एम.एम.के. वली |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**12. मुख्यमंत्री या मंत्री के रूप में नियुक्त व्यक्ति के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**
(i) उसमें अनुच्छेद 173 के अधीन अर्हताएँ होनी चाहिए।
(ii) उसमें अनुच्छेद 190 के अधीन निरर्हताएँ नहीं होनी चाहिए।
(1) केवल (i) सही है। (2) केवल (ii) सही है।
(3) (i) व (ii) दोनों सही हैं। (4) न तो (i), न ही (ii) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**13. राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के संबंध में त्रुटिपूर्ण कथन को पहचानिए :**
(1) यह एक स्वायत्तशासी निकाय है।
(2) इसके पास सिविल कोर्ट की सभी शक्तियाँ हैं।
(3) इसका अपना अन्वेषण दल है।
(4) यह राजस्थानी भाषा में भी परिवेदनाएँ ग्रहण करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**14. 'प्रशासन और संस्थापन' के लिए ग्राम-पंचायत की स्थायी समिति का पदेन अध्यक्ष कौन होता है ?**
(1) सरपंच
(2) उप-सरपंच
(3) ग्राम विकास अधिकारी
(4) प्रधान
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**15. राजस्थान लोक सेवा आयोग के किसी सदस्य को पद से हटाने के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**
(i) उच्चतम न्यायालय द्वारा मामले की जाँच कर सकारात्मक रिपोर्ट करने के पश्चात् किसी सदस्य को केवल कदाचार के आधार पर राष्ट्रपति के आदेश से हटाया जा सकता है।
(ii) राष्ट्रपति किसी सदस्य को आदेश द्वारा सीधे हटा सकता है, यदि राष्ट्रपति की राय में मानसिक या शारीरिक शैथिल्य के कारण वह अपने पद पर बने रहने के अयोग्य है।
(1) केवल (i) सही है।
(2) केवल (ii) सही है।
(3) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(4) न तो (i), न ही (ii) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**16. राजस्थान विधानसभा की कार्यविधि से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए :**

(i) तारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर दिए जाते हैं और इन पर पूरक प्रश्न किए जा सकते हैं।

(ii) अ-तारांकित प्रश्न एवं अल्प सूचना प्रश्न के मौखिक उत्तर दिए जाते हैं और इन पर पूरक प्रश्न नहीं किए जा सकते हैं।

(1) केवल (i) सही है।
(2) केवल (ii) सही है।
(3) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(4) न तो (i), न ही (ii) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**17. राजस्थान विधानसभा के सत्र को आमंत्रित करने से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(A) जब सभा के किसी सत्र को आमंत्रित किया जाए तो अध्यक्ष प्रत्येक सदस्य को ऐसी तारीख, समय तथा स्थान की सूचना देगा जो राज्यपाल द्वारा सभा की बैठक बुलाने के निमित्त नियत किये गये हों तथा वह राजपत्र में एक विज्ञप्ति प्रकाशित करवाएगा ।

(B) परन्तु यदि कोई सत्र अल्प सूचना से बुलाया जाय तो अध्यक्ष सदस्यों को सभा की बैठक की तारीख, समय तथा स्थान की सूचना अन्य किसी रीति से देगा जो राज्यपाल निदेशित करे ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :
सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं।
(4) न तो (A), न ही (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**18. प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में 19वाँ राज्य स्तरीय सांख्यिकी दिवस कब और कहाँ मनाया गया ?**

(1) 27 जून 2025, अजमेर (2) 28 जून 2025, जोधपुर
(3) 29 जून 2025, जयपुर (4) 30 जून 2025, उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(i) राजस्थान की समृद्ध लोक परंपराओं और ग्रामीण खेल विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए, राष्ट्रीय ऊँट दौड़ चैंपियनशिप 2025 का प्रथम संस्करण जुलाई 2025 में पुष्कर में आयोजित किया गया ।

(ii) यह आयोजन कैमलिड्स स्पोर्ट्स इंडिया फेडरेशन और राजस्थान ऊँट दौड़ संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित किया गया था।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों (4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**20. राजस्थान में स्थापित देश के पहले राजकीय बालिका सैनिक स्कूल का नाम निम्नलिखित में से किसके नाम पर रखा गया है ?**

(1) रामेतीदेवी जगदीश डाटा (2) रामीदेवी रामनारायण राठी
(3) करणी माता (4) माँ जालपा देवी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**21. सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे वंचित वर्ग तक पहुँचना सुनिश्चित करने के लिए, 24 जून से 9 जुलाई 2025 तक पूरे राज्य में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल 'पखवाड़ा' मनाया गया। निम्नलिखित में से कौन 2 सी गतिविधि इस पहल का हिस्सा नहीं थी?**

(1) पशु टीकाकरण
(2) कर्मचारियों के मामलों का निपटारा
(3) मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण
(4) जल कनेक्शन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**22. "रामाश्रय वार्ड" के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(i) 14 मार्च, 2024 से बुजुर्गों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल और अस्पतालों में सम्मानजनक उपचार हेतु राज्य के जिला अस्पतालों में रामाश्रय वार्डों का शुभारंभकिया गया ।

(ii) रामाश्रय वार्डों में निजता सुनिश्चित करने के लिए पर्दे लगे दस फाउलर बेड (पुरुषों और महिलाओं के लिए पाँच-पाँच) आरक्षित किए गए हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों (4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**23. गुर्जर समाज सहित अति पिछड़ा वर्ग (एम बी सी) की माँगों की समीक्षा करने के लिए जून 2025 में 4) गठित तीन सदस्यीय कैबिनेट समिति में निम्नलिखित में से कौन सम्मिलित नहीं है ?**

(1) श्री जोगाराम पटेल (2) श्री जवाहर सिंह बेढम
(3) श्री अविनाश गहलोत (4) श्री जोराराम कुमावत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**24. 1 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक देहरादून में आयोजित इंडिया ओपन कॉम्पिटिशन एनआर इवेंट्स 2025 में राजस्थान के सुखमन सिंह ने किस वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ?**

(1) 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (जूनियर)
(2) 50 मीटर राइफल (सीनियर)
(3) 10 मीटर एयर पिस्टल (डेफ मेन इन्डिविजुअल)
(4) 10 मीटर एयर राइफल (सब-जूनियर)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**25. जून 2025 में सहकारिता विभाग राजस्थान द्वारा निम्नलिखित शहरों में से किसमें पहली बाइक ऑन रेंट सेवा "को-ऑप राइड" का शुभारंभ किया गया ?**

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) अजमेर (4) उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**26. प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 में राजस्थान के खिलाड़ियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :**

(i) राजस्थान के दस खिलाड़ी मौजूदा सीज़न में भाग ले रहे हैं।

(ii) जयपुर पिंक पैंथर्स द्वारा ₹ 1.38 करोड़ में खरीदे गए सचिन तंवर, नीलामी में राजस्थान के दूसरे सबसे महँगे खिलाड़ी हैं।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i)
(2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों
(4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**27. कौन सा सुमेलित नहीं है ?**

| **महासागर** | **सीमावर्ती सागर** |
|---|---|
| (1) दक्षिणी प्रशान्त | -बण्डा सागर |
| (2) आर्कटिक | -कारा सागर |
| (3) अटलाण्टिक | -बेरिंग सागर |
| (4) उत्तरी प्रशान्त | -सूलू सागर |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**28. राजस्थान की शाहनूर अली की हाल की उपलब्धि के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(i) उन्होंने अंडर-12. (मिनी जूनियर) वर्ग में राष्ट्रीय तलवारबाज़ी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता ।

(ii) यह प्रतियोगिता 5 से 7 जुलाई 2025 तक महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित की गई थी।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों (4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**29. डोलड्रम निम्नलिखित में से किन अक्षांशों के मध्य स्थित है ?**

(1) 10° उत्तर से 15° उत्तर (2) 10° दक्षिण से 15° दक्षिण
(3) 5° दक्षिण से 10° दक्षिण (4) 5° उत्तर से 5° दक्षिण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) बर्टलैण्ड रिपोर्ट वर्ष 1987 में प्रकाशित हुई थी।
(B) एजेण्डा-21, रियो शिखर सम्मेलन से सम्बन्धित है ।
(C) स्टॉकहोम सम्मेलन की मुख्य थीम 'सतत विकास' थी ।

कूट :

(1) (A), (B) तथा (C) सही हैं। (2) (A) तथा (B) सही हैं।
(3) (A) तथा (C) सही हैं। (4) केवल (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**31. निम्नलिखित में से देशों का कौन सा समूह 2025 तक उनकी कुल जनसंख्या (अनुमानित) के अनुसार अवरोही क्रम में सही ढंग से व्यवस्थित है ?**

(1) इंडोनेशिया, बांग्लादेश, पाकिस्तान
(2) पाकिस्तान, इंडोनेशिया, नाइजीरिया
(3) इंडोनेशिया, नाइजीरिया, पाकिस्तान
(4) इंडोनेशिया, पाकिस्तान, नाइजीरिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**32. कौन सा सुमेलित नहीं है ?**

| | |
|---|---|
| (1) किम्बरले पठार | - ऑस्ट्रेलिया |
| (2) बोलिविया पठार | - दक्षिण अमेरिका |
| (3) कटंगा पठार | -अफ्रीका |
| (4) तासिली पठार | -एशिया |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**33. अक्टूबर तथा नवम्बर में तमिलनाडु के ऊपरी तट पर वर्षा होती है-**

(1) दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक पवनों के कारण
(2) पश्चिमी अवदाब के कारण
(3) पूर्वी अवदाब एवं अन्तः उष्णकटिबन्धीय अभिसरण के खिसकाव के कारण
(4) दक्षिण-पश्चिमी व्यापारिक पवनों के कारण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**34. निम्नलिखित कथनों के आधार पर नदी की पहचान कीजिए :**

(A) भारत में ये हिमालय की नदियों में सबसे पश्चिमी है।
(B) इसका उद्गम बोखर चू के निकट एक हिमनद से है।
(C) इसे सिंगी खंबान के रूप में भी जाना जाता है।
(D) लद्दाख श्रेणी को काटते हुये यह एक दर्शनीय महाखड्ड (गॉर्ज) का निर्माण करती है ।

(1) सतलज (2) खुर्रम
(3) रावी (4) सिंधु
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**35. भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट 2021 के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों / केन्द्रशासित प्रदेशों में से किसमें पश्चिम बंगाल के बाद मैन्ग्रोव वन क्षेत्र का सबसे बड़ा क्षेत्र है ?**

(1) अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह
(2) आंध्र प्रदेश (3) ओडिशा
(4) गुजरात (5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**36. निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है ?**

| | |
|---|---|
| (1) के-2 | -ट्रांस हिमालय |
| (2) पीर पंजाल | -लद्दाख हिमालय |
| (3) कुला कांगड़ी | -कुमाऊँ हिमालय |
| (4) करेवाज | -कश्मीर हिमालय |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**37. भारत सरकार की 'प्रति बूँद अधिक फसल' पहल के संदर्भ में निम्न में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**

(A) यह पहल पानी की दक्षता बढ़ाने की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.एम.के.एस.वाई.) का एक घटक है।

(B) 'प्रति बूँद अधिक फसल' पहल के अन्तर्गत कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई की स्थापना के लिये परियोजना लागत के 50 प्रतिशत की 2 वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(1) केवल (A) सही है।
(2) केवल (B) सही है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(4) न तो (A) और न ही (B) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**38. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :**

| **कोयला क्षेत्र** | **राज्य** |
|---|---|
| (A) तालचर | -ओडिशा |
| (B) झरिया | -पश्चिम बंगाल |
| (C) कोरबा | -छत्तीसगढ़ |

नीचे दिए गए कूट से सही युग्म/युग्मों का चयन कीजिए :

कूट :

(1) केवल (A) सही है। (2) (A) तथा (B) सही हैं।
(3) (A) तथा (C) सही हैं। (4) (A), (B) तथा (C) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**39. भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थलों को प्रदर्शित करने के लिए थीम 1 आधारित सर्किट रेलों के रूप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित में से किन रेलों को प्रारम्भ किया गया है ?**

(1) भारत दर्शन (2) महाराजा एक्सप्रेस
(3) भारत गौरव (4) भारत यात्रा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**40. वर्ष 2023-24 में भारत के लिये शीर्ष पाँच आयात गन्तव्य अवरोही क्रम में निम्न में से कौन से हैं?**
(1) चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, यू ए ई, सऊदी अरब, रूस
(2) चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, सऊदी अरब, यू ए ई
(3) चीन, रूस, यूएई, संयुक्त राज्य अमेरिका, सऊदी अरब
(4) चीन, रूस, यू ए ई, सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**41. भारत के कपड़ा उद्योग के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?**
(a) भारत जूट का एक प्रमुख उत्पादक है और कपास, रेशम और मानव निर्मित फाइबर उत्पादन में विश्व में दूसरे स्थान पर है।
(b) भारत कपड़ा और परिधान का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है और इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 6 प्रतिशत है ।
(c) भारत के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित कपड़ा और परिधान की हिस्सेदारी वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 8 प्रतिशत रही ।
नीचे दिए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :
(1) केवल (a) सही है। (2) केवल (a) तथा (b) सही हैं।
(3) केवल (a) तथा (c) सही हैं।
(4) (a), (b) तथा (c) सभी सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**42. भारत सरकार अधिनियम, 1919 के प्रावधानों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**
(i) भारत में एक लोक सेवा आयोग की स्थापना की जाएगी जिसमें 5 से अधिक सदस्य नहीं होंगे जिनमें से एक अध्यक्ष होगा, जिसे परिषद में राज्य सचिव द्वारा नियुक्त किया जाएगा।
(ii) लोक सेवा आयोग का प्रत्येक सदस्य 4 वर्ष तक पद पर रहेगा तथा उसे पुनः नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।
**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(1) केवल (i) (2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों (4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
कथन-I: वैश्विक सेवा निर्यात में भारत की हिस्सेदारी दोगुनी से भी अधिक हो गई है, जो 2005 में 1.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में लगभग 4.3 प्रतिशत हो गई है।
कथन-II: दूरसंचार, कंप्यूटर और सूचना सेवाओं में भारत विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक है।
**दिए गए कथनों को ध्यान में रखकर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(1) कथन I सत्य है तथा कथन II असत्य है।
(2) कथन I असत्य है तथा कथन II सत्य है।
(3) दोनों कथन I तथा II सत्य हैं।
(4) दोनों कथन I तथा II असत्य हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**44. निम्नलिखित राजनीतिक सिद्धांतों पर विचार कीजिए और उनमें से उन सिद्धांतों को ढूंढ़िए जिन पर संविधान सभा में अम्बेडकर अविश्वास प्रकट करते हैं:**
(I) ग्राम-स्तरीय पदसोपान
(II) पृथक निर्वाचन क्षेत्र
(III) नेतृत्व-पूजा
(IV) सामाजिक न्याय की आरंभिक स्थिति के रूप में लोकतंत्र
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
(1) (I), (II) तथा (III) (2) केवल (I) तथा (III)
(3) केवल (I) तथा (II) (4) (I), (II), (III) तथा (IV)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**45. सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए और नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**

| सूची-I (भारत शासन अधिनियम, 1935 की भाग संख्या) | सूची-II (विषय-वस्तु) |
|---|---|
| (A) VIII | (i) भारत में क्राऊन की सेवाएँ |
| (B) X | (ii) संक्रमणकालीन प्रावधान |
| (C) XI | (iii) संघीय रेलवे प्राधिकरण |
| (D) XIII | (iv) राज्य सचिव, उसके सलाहकार एवं उसका विभाग |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**46. भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
(i) अनुच्छेद 15 (1) राज्य और व्यक्तियों को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव करने से रोकता है।
(ii) अनुच्छेद 15(5), 93वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2006 द्वारा जोड़ा गया था, जो राज्य द्वारा सहायता प्राप्त सभी निजी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश से संबंधित विशेष प्रावधान करता है।
**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**
(1) केवल (i)
(2) केवल (ii)
(3) (i) और (ii) दोनों
(4) न तो (i) और न ही (ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**47. निम्नलिखित में से किस वाद में भारत के उच्चतम न्यायालय ने भारत के संविधान की उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द शामिल किये जाने पर यह माना कि इससे न्यायालय को उद्योगों के राष्ट्रीयकरण और राज्य स्वामित्व के पक्ष में अधिक से अधिक झुकाव रखने में मदद मिलेगी?**
(1) डी.एस. नकरा बनाम भारत संघ (1983)
(2) एक्सलवियर बनाम भारत संघ (1979)
(3) भारत संघ बनाम रामचन्द्र संभाजी (1981)
(4) योगेश भारद्वाज बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1991)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**48. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसरण में भारत की संसद ने 'ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972' पारित किया है?**
(1) 46 (2) 41
(3) 42 (4) 39-क
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**49. राष्ट्रपति चुनाव, 2022 में, किस राज्य/संघशासित क्षेत्र की विधानसभा के प्रत्येक सदस्य का मत-मूल्य न्यूनतम था?**
(1) संघशासित क्षेत्र पुडुचेरी (2) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
(3) सिक्किम (4) मिज़ोरम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**50. 'भारत की दूसरी प्रभुत्वकारी दल-प्रणाली' की संकल्पना किसने प्रतिपादित की है?**
(1) क्रिस्टोफे जेफरलॉ (2) प्रताप भानु मेहता
(3) अतुल कोहली (4) सुहास पलशीकर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**51. भारत के उच्चतम न्यायालय ने निम्नांकित में से किस वाद में यह उद्धृत किया है कि "राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान और गरिमा के साथ स्वतंत्र रूप से फहराना भारत के संविधान के अनुच्छेद 51-क के खण्ड (क) में वर्णित कर्तव्य के अनुरूप है"?**
(1) भारत संघ बनाम नवीन जिन्दल (2004)
(2) बिजो इमैन्युल बनाम केरल राज्य (1986)
(3) सूर्य नारायण चौधरी बनाम भारत संघ (1982)
(4) चारु खुराना बनाम भारत संघ (2015)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**52. निम्नलिखित विद्वानों में से किसने जवाहरलाल नेहरू की विदेश नीति को 'वेस्टफेलिया प्लस. गुटनिरपेक्षता' के रूप में चित्रित किया है?**
(1) भरत कर्नाड (2) सी. राजामोहन
(3) कान्ति बाजपेयी (4) शिवशंकर मेनन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**53. किस वर्ष में भारत ने 'लुक ईस्ट पॉलिसी' का नाम बदल कर 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' किया?**
(1) 2011 (2) 2014
(3) 2017 (4) 2019
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
(I) भारत ने संयुक्त राष्ट्र के संपोषित विकास एजेंडा 2030 को सितम्बर, 2015 में -संयुक्त राष्ट्र महासभा में आयोजित सम्मेलन में ग्रहण किया।
(II) 17 संपोषित विकास उद्देश्य तथा 169 लक्ष्य इस एजेंडा का हिस्सा हैं।
(III) "खुशी से रहें" - यह एजेंडा का सार्वभौमिक सिद्धांत है।
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए:**
(1) (I), (II) तथा (III) सभी सही हैं।
(2) केवल (I) सही है।
(3) केवल (I) तथा (II) सही हैं।
(4) केवल (I) तथा (III) सही हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**55. श्रमिकों में सक्रिय ट्रेड यूनियन को पहचानिए जो लाला लाजपत राय की अध्यक्षता में संस्थापित की गई थी:**
(1) इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस
(2) ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस
(3) हिंद मज़दूर सभा
(4) भारतीय मजदूर संघ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**56. निम्नलिखित में से कौन सा संस्थान विश्व बैंक समूह का हिस्सा नहीं है?**
(1) बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
(2) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
(3) अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
(4) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विवाद निपटान केंद्र (ICSTD)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**57. सांस्कृतिक वैश्वीकरण से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**
(I) सांस्कृतिक वैश्वीकरण वह प्रक्रिया है जिसके तहत विश्व के एक हिस्से में उत्पादित सूचना, वस्तुएँ और छवियाँ वैश्विक प्रवाह में प्रवेश करती हैं जो राष्ट्रों, क्षेत्रों और व्यक्तियों के बीच सांस्कृतिक मतभेदों को 'समतल' करती है।
(II) हालाँकि सांस्कृतिक वैश्वीकरण एक जटिल प्रक्रिया है जो समरूपता या सांस्कृतिक 'समतलीकरण' और ध्रुवीकरण और विविधता दोनों उत्पन्न करती है।
**सही विकल्प का चयन कीजिए :**
(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) एवं (II) दोनों सही हैं।
(4) न तो (I) न ही (II) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**58. शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र को आकार देने वाली कई ऐतिहासिक जड़ों में से, एक अग्रणी व्यक्ति जिन्होंने पहली शैक्षिक मनोविज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की और बालक को एक सक्रिय अधिगमकर्त्ता के रूप में देखा, वे थे:**
(1) विलियम जेम्स (2) जॉन ड्यूई
(3) ई. एल. थॉर्नडाइक (4) बी.एफ. स्कीनर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**59. विकास के प्रारूप (पैटर्न) को समझने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा एक तथ्य आवश्यक नहीं है?**
(1) विकास के प्रारंभिक आधार जटिल होते हैं।
(2) विकास उत्तेजना द्वारा बढ़ता है।
(3) सभी व्यक्ति समान होते हैं।
(4) सांस्कृतिक परिवर्तन विकास को प्रभावित करते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**60. पियाजे के विकास सिद्धान्त की इस अवस्था में विद्यार्थी भौतिक वास्तविकता के बिना न केवल सम्प्रत्यय को समझते हैं, अपितु वे संभावनाओं और असंभावनाओं के विषय में गहन चिन्तन में भी सम्मिलित होते हैं। वह अवस्था है -**
(1) संवेदी-गामक (2) पूर्व-क्रियात्मक
(3) मूर्त क्रियात्मक (4) औपचारिक क्रियात्मक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**61. केरोल (1965) के अनुसार, एक शिक्षक को कक्षा में शैक्षिक मनोविज्ञान को व्यावहारिक रूप से कैसे लागू करना चाहिए?**
(1) केवल शैक्षणिक सामग्री प्रदान करने पर ध्यान देकर
(2) मनोवैज्ञानिक प्रयोग करके
(3) छात्रों के विद्यालयी अधिगम के सभी पक्षों को समझकर
(4) मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों को कंठस्थ करके
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**62. शिक्षण के स्तर के आधार पर निम्नलिखित में से अधिगम का सबसे सरल प्रकार कौन सा होता है?**
(1) अवबोध स्तर अधिगम (2) स्मृति स्तर अधिगम
(3) पृच्छा स्तर अधिगम (4) चिन्तनं स्तर अधिगम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**63. हार्दिक को गणितीय अवधारणाओं का ज्ञान है जो उसे भौतिकी सीखने में मदद कर रहा है। सीखने के इस हस्तांतरण को सबसे अच्छी तरह किस सिद्धान्त द्वारा समझाया जा सकता है?**
(1) मूल प्रवृत्ति का सिद्धान्त (2) समान अवयव/तत्त्वों का सिद्धान्त
(3) प्रणोद-न्यूनता का सिद्धान्त (4) सामान्यीकरण का सिद्धान्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**64. निम्नलिखित में से कौन सा कथन रचनावादी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से सम्बन्धित नहीं है?**
(1) अनुदेशन का मुख्य उद्देश्य सम्प्रत्यय निर्माण एवं गहन बोध है।
(2) सीखना एक रचनात्मक गतिविधि है तथा छात्रों को इसे कार्यान्वित करना होता है।
(3) रचनावाद शिक्षक केन्द्रित प्रक्रिया है।
(4) रचनावाद पूर्व विद्यमान ज्ञान या अनुभव के अस्तित्व पर बल देता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**65. नैतिक विकास के क्षेत्र (डोमेन) सिद्धान्त के अनुसार, व्यवहार को नियन्त्रित करने और सामाजिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये सामाजिक सहमति द्वारा स्थापित परंपरागत नियमों को कहा जाता है:**
(1) पूर्व-परंपरागत तर्क (2) परंपरागत तर्क
(3) सामाजिक परंपरागत तर्क (4) न्याय परिप्रेक्ष्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**66. सूची-I (परीक्षण) को सूची-II (मनोवैज्ञानिक) के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये :**

| **सूची-I (परीक्षण)** | **सूची-II (मनोवैज्ञानिक)** |
|---|---|
| (A) 16 पीएफ प्रश्नावली | (i) बैलक |
| (B) शब्द साहचर्य परीक्षण | (ii) मरे एवं मॉर्गन |
| (C) प्रासंगिक अन्तर्बोध परीक्षण | (iii) कैटेल |
| (D) बाल अन्तर्बोध परीक्षण | (iv) फ्रॉयड एवं जुंग |

**कूट :**

| | **(A)** | **(B)** | **(C)** | **(D)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**67. प्रवीण स्वभाव से बहुत आक्रामक था और वह अन्य लोगों के साथ लड़ाई करता था। बाद में सामाजिक रूप से अस्वीकृत इस व्यवहार को दूर करने हेतु वह एक अच्छा मुक्केबाज़ बन गया। उसके द्वारा अपनाई गई रक्षात्मक युक्ति है:**
(1) उदात्तीकरण (2) विस्थापन
(3) दमन (4) प्रतिक्रिया निर्माण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**68. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प आलपोर्ट द्वारा वर्गीकृत व्यक्तिगत शीलगुणों को दर्शाता है?**
(1) कार्डिनल, केन्द्रीय एवं गौण शीलगुण
(2) गौण, केन्द्रीय एवं स्रोत शीलगुण
(3) स्रोत, सतही एवं केन्द्रीय शीलगुण
(4) केन्द्रीय एवं सतही शीलगुण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**69. एक शिक्षक अपनी कक्षा में एक समस्या को रखता है और विद्यार्थियों को उस समस्या के जवाब में अपने विचार अपसारी रूप से उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सभी विचारों को बाद में मूल्यांकन हेतु रिकॉर्ड किया जाता है। सृजनात्मकता को प्रोन्नत करने हेतु शिक्षक द्वारा उपयोग में ली गई इस विशिष्ट प्रविधि को कहा जाता है:**
(1) जिगसॉ (2) सिनेक्टिक्स
(3) थिंक-पेयर-शेयर (4) मस्तिष्क-उद्वेलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**70. जॉन डी. मेयर और पीटर सेलोवे ने अपनी पुस्तक 'संवेगात्मक विकास और संवेगात्मक बुद्धि' (इमोशनल डेवलपमेंट एंड इमोशनल इंटेलिजेंस) में, संवेगात्मक बुद्धि के निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र दिए थे?**
(A) परानुभूति
(B) संवेगों का प्रत्यक्षीकरण
(C) संवेगों को प्रबंधित करना
(D) संवेगों का विचार प्रक्रिया में समन्वय करना
(E) संवेगों को समझना
(F) अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्ध
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :**
**कूट :**
(1) केवल (B), (C), (D) एवं (E)
(2) केवल (A), (C) एवं (F)
(3) केवल (C) एवं (F)
(4) केवल (A) एवं (F)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**71. गिलफोर्ड के बुद्धि प्रतिमान में बौद्धिक कार्य के आधारभूत आयामों में निम्नलिखित में से कौन सा आयाम सम्मिलित नहीं है?**
(1) संक्रिया (2) दक्षता
(3) विषय-वस्तु (4) उत्पाद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**72. आंतरिक अभिप्रेरणा का कौन सा घटक, 'गर्व और सफलता की भावना' से संबंधित है, जो एक व्यक्ति कठिन कार्य करते समय अनुभव कर सकता है?**
(1) चुनौती (2) आनंद
(3) निपुणता (4) स्वायत्तता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**73. निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य ऐसा है जिसे कक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु सावधानी की आवश्यकता है?**
(1) संपूर्ण कक्षा से समान दक्षता प्राप्त करने की अपेक्षा करना
(2) कक्षा मिश्रित क्षमताओं वाला समूह है, तदनुसार शिक्षण योजना बनाना आवश्यक है।

(3) शिक्षक को कक्षा में वैयक्तिक भिन्नताओं के बारे में अपेक्षित ज्ञान होना चाहिए।
(4) सभी विद्यार्थियों को एक विशिष्ट प्रकार की शिक्षण विधि से लाभ नहीं मिल सकता।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**74. नीचे कुछ दिशा-निर्देश दिये गये हैं, जो विद्यार्थियों के स्वनिर्णय और स्वायत्तता को प्रेरित करने के लिए सहायक हैं। इनमें से कौन सा विकल्प सहायक नहीं है?**
(1) विद्यार्थियों को विकल्प चुनने की अनुमति देना और उन्हें प्रोत्साहित करना।
(2) विद्यार्थियों के विकल्पों के परिणामों के लिए शिक्षक को उत्तरदायी ठहराना।
(3) सीमाओं, नियमों और प्रतिबंधों के लिए उचित औचित्य प्रदान करना।
(4) नकारात्मक भावनाओं को स्वीकार करना और मान्यता देना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**75. सम्बन्धों की अनुभूति और प्रतीकों व विचारों को पुनर्संरचित करना जैसी प्रक्रियाओं को अभिक्षमता के किन घटकों में वर्गीकृत किया गया है?**
(1) संवेदी घटक (2) मनोगत्यात्मक घटक
(3) बौद्धिक घटक (4) मेटा घटक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**76. निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता रुचि से सम्बन्धित नहीं है?**
(1) रुचियों को अर्जित नहीं किया जा सकता।
(2) रुचि एक अभिप्रेरक शक्ति है।
(3) रुचि के अनुसार कार्य करने से लक्ष्य प्राप्ति में मदद मिलती है।
(4) रुचियाँ स्थिर व स्थायी नहीं होतीं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**77. निम्नलिखित में से कौन सी उपचारात्मक तकनीक/तकनीकें अपचारियों में सुधार के लिए उपयोग की जाती है/हैं?**
(A) मनोगतिक विधि (B) संवर्धन विधि
(C) पुनर्वास विधि (D) व्यवहारात्मक विधि
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
**कूट :**
(1) केवल (B) (2) केवल (D)
(3) केवल (B) और (C) (4) केवल (A), (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**78. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, राजस्थान के किस क्षेत्र में BShw जलवायु प्रकार पाया जाता है?**
(1) शुष्क प्रदेश (2) हाड़ौती पठार प्रदेश
(3) अर्द्ध-शुष्क प्रदेश (4) उत्तरी मैदानी प्रदेश
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**79. राजस्थान की निम्नलिखित में से किस नदी का उद्गम मध्य प्रदेश से नहीं है?**
(1) पार्वती (2) माही
(3) सोम (4) कालीसिन्ध
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**80. राजस्थान में 2023-24 में किस श्रेणी के वनों का क्षेत्र, कुल वन क्षेत्र का 50% से अधिक था?**
(1) आरक्षित वन (2) रक्षित वन
(3) पर्वतीय वन (4) अवर्गीकृत वन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**81. "राजस्थान-3077" किस्म का सम्बन्ध किस फसल से है?**
(1) चावल (2) गेहूँ
(3) मक्का (4) मूँग
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**82. राजस्थान में गौवंश की कौन सी नस्ल सिंधी एवं साहीवाल की मिश्र नस्ल है?**
(1) राठी (2) मालवी
(3) गिर (4) सांचौरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**83. निम्नलिखित में से कौन सा एक दक्षिणी अरावली का शिखर है?**
(1) भैराच (2) भानगढ़
(3) सायरा (4) तारागढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**84. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में साक्षरता दर 55 प्रतिशत से कम थी?**
(1) सिरोही (2) प्रतापगढ़
(3) जालौर (4) बाड़मेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**85. निम्नांकित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं? सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए:**
(A) भील गाँवों के समूह को 'फाला' कहा जाता है।
(B) गेर तथा नेजा भीलों के प्रमुख लोकनृत्य हैं।
(C) गरासिया जनजाति का प्रमुख 'कोतवाल' कहलाता है।
**कूट :**
(1) (A) और (C)
(2) (B) और (C)
(3) केवल (B)
(4) (A), (B) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**86. कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| **उद्योग** | **अवस्थिति** |
|---|---|
| (1) चम्बल फर्टिलाइज़र | - गढ़ेपान |
| (2) सल्फ्यूरिक एसिड प्लान्ट | - कपासन |
| (3) कैप्स्टन मीटर | - जयपुर |
| (4) राजस्थान टेलीफोन | - भिवाड़ी |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**87. निम्नांकित में से किस जिले में नगरीय जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन दर का प्रतिशत (2001-2011) सर्वाधिक है?**
(1) कोटा (2) राजसमन्द
(3) अलवर (4) दौसा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**88. निम्नलिखित कथनों को पढ़िये एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प को चुनिए :**
A. बी.बी. लाल के निर्देशन में गिलूण्ड का उत्खनन किया गया था।
B. वी.एन. मिश्र के निर्देशन में बालाथल का उत्खनन किया गया था।
**कूट :**
(1) केवल A सही है।
(2) केवल B सही है।
(3) A और B दोनों सही हैं।
(4) A और B दोनों गलत हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**89. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजिए :**

A. विग्रहराज चतुर्थ शैव मतावलम्बी था।

B. पृथ्वीराज विजय के अनुसार, विग्रहराज चतुर्थ ने 'एकादशी' के दिन पशुवध पर प्रतिबन्ध लगाया था।

**कूट :**

(1) केवल A सही है।

(2) केवल B सही है।

(3) A और B दोनों सही हैं।

(4) A और B दोनों गलत हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**90. बैराठ सभ्यता के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए :**

**A. मान्यता है कि हूण आक्रांता मिहिरकुल ने बैराठ का विध्वंस किया था।**

**B. चीनी यात्री युवान-च्वांग ने भी अपने यात्रा वृतान्त में बैराठ का उल्लेख किया है।**

(1) केवल A सत्य है। (2) केवल B सत्य है।

(3) A और B दोनों सत्य हैं। (4) A और B दोनों असत्य हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**91. अकबर के गुजरात अभियान (1573 ई.) में निम्नलिखित में से किसने महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया?**

(1) उदय सिंह (2) राज सिंह

(3) राय सिंह (4) चंद्र सेन

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**92. निम्नलिखित में से कौन हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना में शामिल था?**

(1) शालिवान (2) मान सिंह

(3) जगन्नाथ कछवाहा (4) सैयद हाशिम बरहा

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**93. 1857 के विद्रोह के समय नसीराबाद में कौन सी सैन्य टुकड़ी तैनात नहीं थी?**

(1) 15वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री (2) 30वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री

(3) प्रथम बॉम्बे कैवेलरी (4) 72वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**94. 'नवीन राजस्थान' समाचार-पत्र का प्रथम प्रकाशन किस वर्ष में हुआ?**

(1) 1921 ई. (2) 1922 ई.

(3) 1923 ई. (4) 1924 ई.

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**95. 1298 ई. में जालौर के निकट कान्हड़देव ने किन सेनानायकों के अधीन खिलजी सेना को बुरी तरह परास्त किया था?**

(1) कमालुद्दीन एवं शहीन (2) मलिक नाइब एवं शम्स खाँ

(3) उलुग खाँ एवं नुसरत खाँ (4) आइन-उल-मुल्क एवं खिज्र खाँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**96. जयपुर में 'प्रजामंडल प्रोग्रेसिव पार्टी' (1940) के संस्थापक कौन थे?**

(1) जमनालाल बजाज (2) चिरंजीलाल मिश्र

(3) चिरंजीलाल अग्रवाल (4) देवी शंकर तिवारी

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**97. शोभालाल गुप्त ने निम्न में से किस स्थान पर "हरिजन सेवाश्रम" की स्थापना की थी?**

(1) हटूंडी (2) सागवाड़ा

(3) हाथल (4) बाँसवाड़ा

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**98. निम्नलिखित में से वृहत्तर राजस्थान में समाहित होने वाली किस देशी रियासत का क्षेत्रफल सबसे ज्यादा था?**

(1) करौली (2) डूंगरपुर

(3) बाँसवाड़ा (4) बूंदी

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**99. पाबूजी के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. पाबूजी के पास कालमी नाम की घोड़ी थी।

B. पाबूजी का विवाह पूगल की भाटी राजकुमारी के साथ हुआ था।

C. उन्होंने देवल चारणी की गायों के रक्षार्थ बलिदान दिया था।

**सही कूट का चयन कीजिए :**

**कूट :**

(1) केवल A (2) B और C

(3) A और C (4) A, B और C

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**100. निम्नलिखित में से किसने 1919 के अमृतसर कांग्रेस अधिवेशन में बिजौलिया किसान आन्दोलन सम्बन्धी प्रस्ताव रखा था?**

(1) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक

(2) मदन मोहन मालवीय

(3) महात्मा गाँधी

(4) जवाहरलाल नेहरू

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

•••

यह सिर्फ पब्लिकेशन नहीं,
आपके भविष्य की नींव है

AKSHANSH PUBLICATION

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

RAJASTHAN PYQ SERIES

राजस्थान के सभी बुक स्टोर्स एवं
लक्ष्य क्लासेज एप्लीकेशन पर उपलब्ध!



भाग 1 व भाग 2
Reet Mains में सभी के लिए उपयोगी

Reet Mains में विषय अनुसार पुस्तकें





लक्ष्य क्लासेज की प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों को खरीदने के लिए QR कोड स्कैन करें।

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

सभी पुस्तके आपके नजदीकी बुक स्टोर पर उपलब्ध।

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™ | अक्षांश पब्लिकेशन

M. 9079798005, 6376491126 | Add : Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 5, Circle, Main Road, Udaipur